जागरण सिटी
www.jagran.com
लखनऊ, बुधवार, 19 जून, 2024

# 'किसानों के सुनियोजित विकास के लिए कार्य कर रही सरकार'



पत्रिका का विमोचन करते मुख्य अतिथि केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार, राज्य मंत्री डा. चन्द्रशेखर पेम्मासानी, नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उपमहानिदेशक (कृषि प्रसार), डा. यूएस गौतम, ग्रामीण आजीविका मिशन निदेशक दीपा रंजन, संस्थान के निदेशक डा. आर विश्वनाथन व डा .मनोज त्रिपाठी व अन्य • जागरण

- केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान की पत्रिका का विमोचन

**जासं • लखनऊ :** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करने के उपलक्ष्य रायबरेली रोड स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री डा. चन्द्रशेखर पेम्मासानी ने पांच किसानों को किसान सम्मान निधि का प्रमाण पत्र प्रदान कर बधाई दी।

मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारी सरकार किसानों के सुनियोजित विकास के लिए कार्य कर रही है। सरकार ने पीएम-किसान सम्मान निधि योजना 2019 में शुरू की थी। इस योजना के तहत अब तक 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उपमहानिदेशक (कृषि प्रसार), डा. यूएस गौतम की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण आजीविका मिशन निदेशक दीपा रंजन, संस्थान के निदेशक डा. आर विश्वनाथन की मौजूदगी में राज्य मंत्री ने संस्थान की पत्रिका इक्षु का विमोचन भी किया। उप महानिदेशक ने बताया कि 731 कृषि विज्ञान केंद्रों एवं एफपीओ के माध्यम से लगभग दो करोड़ किसान/किसान दीदी जुड़ गई हैं।

हिन्दुस्तान

लखनऊ, बुधवार, 19 जून 2024

## 11 करोड़ से अधिक किसानों को किसान निधि

लखनऊ। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में मंगलवार को प्रधानमंत्री द्वारा किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी किए जाने का सजीव प्रसारण देखा गया। रायबरेली रोड स्थित संस्थान में केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. चन्द्रशेखर ने कहा कि अब तक 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.04 लाख करोड़ से अधिक का भुगतान किया जा चुका है।

अमर उजाला
amarujala.com

लखनऊ | बुधवार, 19 जून 2024

## किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी



लखनऊ। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में मंगलवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करने का सजीव प्रसारण किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी बतौर अध्यक्ष मौजूद रहे। कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने पीएम-किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक 11 करोड़ से अधिक किसानों को तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। उपमहानिदेशक डॉ. यूएस गौतम ने कहा कि 731 कृषि विज्ञान केंद्रों एवं एफपीओ के जरिये लगभग दो करोड़ किसान व किसान दीदी जुड़ गई हैं। इसके साथ-साथ लगभग 49 प्रतिशत छात्राएं विश्वविद्यालयों में कृषि शिक्षा हासिल कर रहीं हैं। ब्यूरो